भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय

शांति मार्ग श्यामला हिल्स भोपाल
Website: www.bsgmp.net mail: scoutguide_bpl@dataone phone 2661263,fax:2737446

ज्ञा.क्र. /1903/ रा0मु0 / गतिविधि / 2013 भोपाल दिनांक 22/06/2013

प्रति,

आयुक्त,
लोक शिक्षण संचालनालय
गौतम नगर म.प्र.भोपाल

विषयः– स्काउट–गाइड ''कमिश्नर कान्फ्रेस'' में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण को उपस्थित होने विषयक ।

सन्दर्भः– भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.के वार्षिक कार्यक्रम 2013–2014 के अनुसार

–0–

विषयान्तर्गत् अनुरोध है कि भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.राज्य मुख्यालय भोपाल द्वारा राज्य स्तर पर स्काउट–गाइड कमिश्नर कान्फ्रेस का दो दिवसीय आयोजन 29 एवं 30 जून 2013 को राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गांधीनगर भोपाल में किया जा रहा है । जिसमें प्रदेश के सभी जिलो के जिला मुख्य आयुक्त,जिला कमिश्नर स्काउट–गाइड एवं जिला अध्यक्ष आ रहे है चूकि जिला शिक्षा अधिकारी संयुक्त संचालक के अधीनस्थ कार्य करते है इसलिये संयुक्त संचालक की उपस्थिति होना भी आवश्यक है अतः सभी संभागो से संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण को एक दिवस दिनांक 29.06.2013 हेतु सम्मिलित होने के निर्देश प्रसारित करने का कष्ट करें । संयुक्त संचालक,लोक शिक्षण भारत स्काउट –गाइड राज्य परिषद एवं राज्य कार्यकारिणी के मनोनीत सदस्य होते है । संयुक्त संचालक की उपस्थिति से उनके अधीनस्थ जिलों में स्काउट–गाइड गतिविधियो के संचालन में मदद मिलेगी ।

अतः अनुरोध है कि आप अपने अधीनस्थ संभागो से संयुक्त संचालक,लोक शिक्षण को उक्त कान्फ्रेस में सम्मिलित कराने के निर्देश जारी करने का कष्ट करें ।

'' स्काउट भावनाओ सहित ''

राज्य सचिव,
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.

पृ.क्र / 1904 / रा.मु. / गतिविधि / 13 भोपाल दिनांक 22/06/2013

प्रतिलिपि,:– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1 अध्यक्ष, भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र. ।
2 राज्य मुख्य आयुक्त,भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
3 समस्त संयुक्त संचालक,लोक शिक्षण संभागीय कार्यालय जिला–.....................
4 समस्त ए.एस.ओ.सी. स्काउट–गाइड,भारत स्काउट–गाइड संभागीय कार्यालय............................ ।

राज्य सचिव,
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.